# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
विनोवापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, जनपद–सुल्तानपुर
Email ID- exenjn_rsultanpur@yahoo.com

पत्रांक : 2617 / W-19 / 85 दिनांक : 08/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय :–**दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर **"जल जीवन मिशन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, हजारों लीटर पानी बर्बाद: औदहा गांव में पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **विकासखण्ड–कुड़वार में सरांव एवं मुडवा पाइप पेयजल योजना** का निर्माण कार्य मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मुम्बई द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–02 नग, पम्पहाउस–02 नग, बाउन्ड्रीवाल–02 नग, उच्च जलाशय (350 किली0/16 मी0)–01 नग, पाइप लाइन–31.60 किमी0, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–974 नग, सोलर–02 नग हैं। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–02 पूर्ण, पम्पहाउस–02 नग पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–02 नग पूर्ण, वितरण प्रणाली–31.60 किमी0 पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–974 नग पूर्ण, उच्च जलाशय–01 नग पूर्ण है। योजना से 05 राजस्व (अवधा, सोती, सरांव, मुडुवा एवं माधवपुर) ग्रामों में पेयजल आपूर्ति विगत एक साल से की जा रही है। ग्रामीण अभियंत्रण, विभाग, सुलतानपुर द्वारा नौगवांतीर से मायंग रोड के बीच में ह्यूम पाइप क्रास कराने के दौरान पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस कारण अवधा राजस्व ग्राम में जलापूर्ति वर्तमान में बाधित है, जिसकी मरम्मत हेतु मैनपावर लगा है जिसे 02 दिवस के अंदर पूर्ण कराकर राजस्व ग्राम अवधा में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(वकार हुसैन)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0एम0जी0वाई0, सुलतानुपर।
6. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता/श्री गौरव प्रकाश शर्मा, जूनियर इंजीनियर।
7. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मुम्बई।

**अधिशासी अभियन्ता**

# जल जीवन मिशन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, हजारों लीटर पानी बर्बाद: औदहा गांव में पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान

ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह | बहादुर पुर(बल्दीराय), सुलतानपुर
2 दिन पहले



पाइपलाइन से बहता पानी।

सुल्तानपुर जिले की धनपतगंज ग्राम पंचायत सडांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से निकलने वाली मुख्य पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है और सडांव, सोती, माधोपुर तथा औदहा जैसे गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔ +Follow us

564-8 d (127.0) VS LIVE 152-10 (58.4)
भारत अफगानिस्तान
अफगानिस्तान 412 रन से पीछे

फीडबैक दें

यूटिलिटी
लाइफ - साइंस
मध्य प्रदेश
उत्तरप्रदेश
राजस्थान
बिहार

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

होने के कारण लगातार पानी बह रहा है, जिससे न केवल पानी की बर्बादी हो रही है, बल्कि औदहा गांव के लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है।

जल जीवन मिशन के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लग रहा है, क्योंकि लगातार पानी बहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस संबंध में जल जीवन मिशन के जेई रोशन कश्यप ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और मरम्मत के लिए टीम लगा दी गई है। उन्होंने जल्द ही कार्य पूरा होने का आश्वासन दिया।


सोती निवासी अनिल पांडे, श्री देव पांडे और औदहा निवासी कौशल किशोर मिश्रा, विजय नारायण मिश्रा, शंभू प्रसाद पांडे सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान यह 6 इंच मोटी पाइप क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने इसकी सूचना जल जीवन मिशन के अधिकारियों को भी दी थी।



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us


## खबरें और भी हैं...

**सुलतानपुर में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला:** पति-पत्नी और परिवार के बीच हुआ था विवाद, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा



सुलतानपुर ›

**शादी के बाद दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप:** सुलतानपुर में 5 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर महिला को जान से मारने की धमकी



सुलतानपुर ›

### आज का राशिफल

मेष

**मेष | Aries**

पॉजिटिव- ग्रहों की स्थिति आपके लिए पूरी तरह अनुकूल है। खर्चों की अधिकता रहेगी। लेकिन यह खर्चे कुछ अच्छे कामों के लिए होंगे, इसलिए चिंता न करें। आपकी कार्यकुशलता से उम्मीद से ज्यादा फायदा होने की संभाव...

और पढ़ें

फीडबैक



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.